# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.05.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत ने चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह रोका।
- इग्नू क्षेत्रीय केंद्र ने ''उन्नत भारत अभियान'' के तत्वावधान में ''विज्ञान गांव'' कार्यक्रम आयोजित किया।
- खेल विभाग खेलो इंडिया बीच गेम्स के सिलसिले में बीच सॉकर (फुटबॉल) और बीच वॉलीबॉल का चयन ट्रायल कल करेगा।
- श्री विजयपुरम में सड़क मरम्मत कार्य के चलते यातायात प्रभावित।

<><><><><><><>

पहलगाम आंतकी हमले के परिदृश्य में एक अन्य कडा कदम उठाते हुए भारत ने चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह को रोक दिया है। भारत अब झेलम नदी के किशनगंगा बांध पर भी इसी प्रकार का कदम उठाने की योजना बना रहा है। उत्तर कश्मीर के किशनगंगा बांध और जम्मू संभाग के रामबन जिले में जल विद्युत बांध बगलिहार भारत को जल प्रवाह के समय को नियंत्रित करने की क्षमता प्रदान करते हैं। पहलगाम के बैसरन घाटी में बाईस अप्रैल को हुए आतंकी हमले में छब्बीस पर्यटकों और नागरिकों के मारे जाने के बाद भारत ने दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द करने का निर्णय लिया है।

उधर, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। कल वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने श्री मोदी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के० त्रिपाठी तथा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बीच भी अलग–अलग बैठकें हुईं। ये बैठकें पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर हुई हैं।

<><><><><><><>

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र श्री विजय पुरम ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के एक प्रमुख कार्यक्रम; ''उन्नत भारत अभियान'' के तत्वावधान में सेंट अल्बर्ट कॉलेज, केरल के सहयोग से ''विज्ञान गांव'' कार्यक्रम आयोजित

किया। यह कार्यक्रम छोलदारी में आज सुबह साढ़े दस बजे आरंभ हुआ। इस अवसर पर फरारगंज की खण्ड विकास अधिकारी ललिता ट्टिग्गा मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने अपने संबोधन में इग्नू द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

इस मौके पर रसायन विभाग के शिक्षकों ने साबुन, डिटर्जेंट आदि चीजे बनाने के तरीकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किस तरह कच्चे माल की आवश्यकता होती है। कितनी सामाग्री का उपयोग किया जाना चाहिए और इन उत्पादों को बनाते समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की महिलाओं को रोजगार के लिए स्वयं सहायता समूह विकसित करना था। कार्यक्रम में छोलदारी की प्रधान तपासी साहा इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर डॉ. सुनील जैकब और अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद थे।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून–2025 टर्म एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी है। छात्र इग्नू की वेबसाइट से टर्म–एंड परीक्षा के लिए संशोधित तिथि देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के श्री विजयपुरम स्थित क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

खेल विभाग आगामी खेलो इंडिया बीच गेम्स के सिलसिले में बीच सॉकर (फुटबॉल) और बीच वॉलीबॉल के अनुशासन में चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। यह ट्रायल उन्नीस से चौबीस मई तक आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल कल सुबह आठ बजे कार्बाइंसकोव बीच में आयोजित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों से कहा गया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में पत्थर गढडा नम्बर – चार से प्रातरापुर चेक पोस्ट तक की सड़क और आंगनवाड़ी जंक्शन बिरसानगर से बाल निकेतन तक की सड़क के आधे हिस्से को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। मरम्मत कार्य के चलते पत्थर गढडा नम्बर – चार से प्रातरापुर चेक पोस्ट तक की सड़क को कल से दस मई तक, जबकि आंगनवाड़ी जंक्शन बिरसानगर से बाल निकेतन तक की सड़क को कल से बीस मई तक

के लिए बंद किया गया है। इस दौरान हर दिन सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक सभी गाड़ियो को दूसरे रास्ते से होकर गुजरना होगा। प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस दौरान यातायात के लिए सावधानी बरते।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैराकी अवकाश हॉबी कक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन पत्र स्विमिंग पूल, नेताजी स्टेडियम से कल और सात मई को सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन आठ मई और नौ मई को दोपहर दस से बाहर बजे के बीच जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कक्षा–पहली से आठवीं तक के स्कूली बच्चों के लिए बहुप्रतीक्षित मुफ्त शतरंज ग्रीष्मकालीन शिविर द्वीपसमूह के नौ शैक्षिक क्षेत्रों में एक साथ शुरू हुआ। स्वराजद्वीप में आयोजित इस शिविर में कैंपबेल–बे से लेकर डिगलीपुर तक के अट्ठारह स्थान शामिल है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह एक महीने का शिविर आज से चार जून तक चलेगा, जो छात्रों को एक आकर्षक और इंटरैक्टिव वातावरण में शतरंज की दुनिया में एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, इस अवसर पर शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने शतरंज की पहली चाल चलकर शिविर का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा, "शतरंज सिर्फ एक खेल से कहीं बढ़कर है। यह दिमाग को तेज करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और रणनीतिक सोच का निर्माण करता है। यह शिविर छात्रों के लिए अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान सीखने, प्रतिस्पर्धा करने और बढ़ने का एक शानदार अवसर है।"

<><><><><><><>

खेल विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मावकाश के दौरान निःशुल्क कोचिंग समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कोचिंग कक्षाएं विभिन्न खेल अनुशासनों जैसे एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, साइकिलिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल के लिए आयोजित की जाएंगी। इच्छुक छात्र संबंधित खेल अनुशासन के कोच के पास अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल विभाग की ओर से पुरुषों और महिलाओं के लिए 'ओपन 5 किलोमीटर दौड़' का आयोजन किया जाएगा। 11 मई को सुबह पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर दौड़ चाथम जेट्टी से शुरू होकर पुलिस स्टेशन, पी एम एफ कार्यालय, मेगापोड जंक्शन, फीनिक्स पावर हाउस, लाइट हाउस जंक्शन, गांधी प्रतिमा, घंटाघर, नारायण चौक और स्विमिंग पूल, नेताजी स्टेडियम को पहले गेट से होते हुए स्टेडियम के मुख्य मैदान पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। इच्छुक प्रतिभागी 11 मई को सुबह साढ़े पांच बजे चाथम जेट्टी पर सीधे रिपोर्ट कर सकते हैं। प्रतिभागियों के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज बोट पलटने पर एक सुव्यवस्थित मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मरीन जेट्टी में यह अभ्यास संयुक्त रूप से विभिन्न विभागों के सहयोग से किया गया। इस ड्रिल में यात्री नाव से जुड़ी आपात स्थिति का अनुकरण किया गया, जिसके मरीन जेट्टी के पास पलटने की सूचना मिली थी। मॉकड्रिल के बाद, एक समीक्षा सत्र आयोजित किया गया, जहाँ बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और सुझावों पर चर्चा की गई। यह अभ्यास सभी भाग लेने वाले कर्मियों, विशेष रूप से चालक दल के सदस्यों और जेट्टी कर्मचारियों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हुआ।

<><><><><><><>